Acting - (I) Y.R.C. 2024-25

## पंडित सीताराम शास्त्री बी.एड प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया पौधारोपण ।

महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री बी.एड प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में दिनांक 31/08/24 को रेडक्रॉस सेल के अन्तर्गत प्रकोष्ठ प्रभारी प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा व राज शर्मा के निर्देशन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेजिडेंट डॉ. शंकर भारद्वाज, संस्था सचिव डॉ. रवि भीष्म, प्रशासक श्री भगवान वशिष्ठ, श्री गोवर्धन आचार्य, श्री रिषिकेश भारद्वाज और प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने पौधारोपण किया सभी ने पौधों के महत्व के बारे में बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने केलिए सभी को सामूहिक प्रयास आवश्यक है। मौजूदा दौर में पौधारोपण की अधिकाधिक जरूरत महसूस की जा रही है। पौधारोपण के जरिए ही हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। पौधारोपण ही आक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में सहायता करते हैं।



